मेलों और उत्सवों को पूरा प्रोत्साहन देगी राज्य सरकार

भोपाल(काप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य सरकार मेलों और उत्सव संस्कृति को प्रोत्साहित करेगी। प्राचीन मेले हमारी संस्कृति का हिस्सा हैं। भोपाल का अपना गौरवशाली इतिहास है। भोपाल में राजा भोज द्वारा निर्मित विशाल सरोवर भी है। सम्राट विक्रमादित्य से भी इस क्षेत्र का संबंध रहा है। तीर्थ मेला प्राधिकरण के माध्यम से मेलों के आयोजन को बढ़ावा दिया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को भोपाल के टीटी नगर स्थित दशहरा मैदान में भोपाल मेले का शुभारंभ कर संबोधिम कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मेले के आयोजन से संबंधित सुझावों पर राज्य सरकार द्वारा आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश की धरती पर भगवान श्रीकृष्ण ने उज्जैन में शिक्षा ग्रहण की। भगवान श्रीराम ने चित्रकूट में लम्बा समय व्यतीत किया। लोकमाता अहिल्या देवी ने उस दौर में जब मंदिरों को ध्वस्त किया जा रहा था, देव स्थान संस्कृति को स्थापित किया। वीरांगना रानी दुर्गावती का शौर्य, किसी से भी कम नहीं था। उन्होंने निरंतर 51 युद्ध जीते थे और आखिरी 52वें युद्ध में विपरीत परिस्थितियां बन जाने पर पराजय स्वीकार करने की जगह आत्म बलिदान करना उचित समझा। डॉ. यादव ने कहा कि ऐसे राष्ट्रभक्तों और कुशल शासकों का इतिहास समेटे मध्यप्रदेश में अनेक आध्यात्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों के माध्यम से आज की युवा पीढ़ी को समृद्ध और गौरवशाली इतिहास की जानकारी दी जाती है। मेले और उत्सव आमजन के लिए महत्वपूर्ण हैं।

डॉ. यादव ने कहा कि इस वर्ष मध्यप्रदेश में मकर संक्रांति से लेकर गुड़ी पड़वा ,रक्षाबंधन, विजयदशमी पर शस्त्र पूजन और गोवर्धन पूजा जैसे कार्यक्रम सरकार और समाज ने मिलकर मनाए

मुख्यमंत्री ने किया भोपाल मेले का शुभारंभ

हैं। सरकार आगे भी ऐसे महत्वपूर्ण आयोजनों में सहभागिता करेगी। इस अवसर पर सांसद श्री आलोक शर्मा, विधायक श्री रामेश्वर शर्मा, भोपाल की महापौर श्रीमती मालती राय, नगर निगम भोपाल के अध्यक्ष श्री किशन सूर्यवंशी, श्री गोविंद गोयल आदि उपस्थित थे। डॉ. यादव, शंख वादन की ध्वनियों के बीच जनप्रतिनिधियों के साथ गणेश वंदना में शामिल हुए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आकाश में गुब्बारे छोड़कर मेले का शुभारंभ किया। भोपाल उत्सव मेला समिति के अध्यक्ष श्री मनमोहन अग्रवाल ने स्वागत भाषण में कहा कि मेले में व्यापारी बंधु लाभ-हानि की चिंता किए बिना नागरिकों के हित में सहभागिता करते हैं। श्री अग्रवाल ने मेले से संबंधित कुछ सुझाव भी दिए। यह मेला टीटी नगर स्थित दशहरा मैदान में 31 दिसंबर 2024 तक चलेगा।

निगम अमले ने गंदगी व प्रदूषण फैलाने वालों के विरूद्ध की स्पॉट फाईन की कार्यवाही

भोपाल(काप्र)। नगर निगम द्वारा शहर में स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के दृष्टिगत प्रतिबंधित पॉलीथीन व सिंगल यूज प्लास्टिक का विक्रय, संग्रहण आदि करने वालों तथा विभिन्न प्रकार से साफ - सफाई व्यवस्था में व्यवधान उत्पन्न करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही निरंतर की जा रही है। इसी तारतम्य में निगम अमले ने सिंगल यूज प्लास्टिक का विक्रय/उपयोग करने वालों, सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी फैलाने, थोक कचरा संग्रहण करने, खुले में मूत्र त्यागने, तंदूर व कचरा जलाने, ग्रीन वेस्ट फेंकने तथा दो डस्टबिन न रखने वालों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए 39 प्रकरणों में 07 हजार 800 रुपये की राशि स्पॉट फाईन के रूप में वसूल की। निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायण के निर्देश पर निगम के जोन क्र.14 के स्वास्थ्य विभाग के अमले ने सिंगल यूज प्लास्टिक का विक्रय/ उपयोग करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए 11 प्रकरणों में 2500 रूपए, सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी फैलाने के 19 प्रकरणों में 2500 रुपए, थोक कचरा संग्रहण के 01 प्रकरण में 1000 रुपए, खुले में मूत्र त्यागने के 02 प्रकरणों में 200 रूपए, तंदूर के उपयोग के 01 प्रकरण में 100 रूपए, कचरा जलाने के 02 प्रकरणों में 300 रूपए, दो डस्टबिन न रखने के 02 प्रकरणों में 200 रूपए तथा पेड़ों की कटाई छटाई में निकले ग्रीन वेस्ट को सार्वजनिक स्थल पर फेंकने के 01 प्रकरण में 1000 रुपए का स्पॉट फाईन वसूल किया।

मप्र में अवैध मादक पदार्थों के कारोबार पर पुलिस की निरंतर कार्यवाही जारी

भोपाल (काप्र)। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की मंशानुसार मध्यप्रदेश पुलिस अवैध नशे के कारोबार को नेस्तनाबूद करने के लिए निरंतर कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में डीजीपी श्री सुधीर सक्सेना के निर्देश पर मध्यप्रदेश पुलिस ने आज 16 नवम्बर को सुबह 8 बजे से अवैध मादक पदार्थों के कारोबार की रोकथाम के लिए प्रदेशव्यापी विशेष अभियान चलाकर तीसरे दिन भी कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने तीसरे दिन प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर सुबह से शाम तक कार्रवाही कर 952 किलोग्राम से अधिक अवैध मादक पदार्थ जब्त किए हैं।

प्रदेशव्यापी अभियान के तीसरे दिन पुलिस ने 161 स्थानों पर अवैध मादक पदार्थ जब्त करने में सफलता पाई है। खरगोन जिले के विभिन्न स्थानों से 322.43 किलोग्राम गांजा, धार जिले में 200.3 किलोग्राम गांजा, बड़वानी जिले के विभिन्न स्थानों से 157 किलो 900 ग्राम गांजा तथा 105 किलो 394 ग्राम गांजा जब्त हुई हैं। साथ ही 30 आरोपियों सहित 1 मोटरसाइकिल भी पुलिस ने जब्त किए हैं। इस प्रकार प्रदेश में पुलिस ने तीसरे दिन विभिन्न स्थानों पर कार्रवाही कर 920.673 किलोग्राम गांजा, 0.900 ग्राम स्मैक, 0.4 ग्राम चरस एवं 30 किलोग्राम डोडाचूरा सहित 167 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

साथ ही अवैध मादक पदार्थों के परिवहन में प्रयुक्त 05 वाहनों को भी जब्त किया है। दूसरे दिन यानी 15 नवंबर को भी प्रदेश पुलिस ने अभियान के तहत 144.7 किलोग्राम गांजा, 29 ग्राम स्मैक तथा 146.53 ग्राम ब्रॉउन शुगर जब्त कर 126 आरोपियों को गिरफ्तार किये थे। इस अभियान के अंतर्गत पुलिस द्वारा कई संवेदनशील क्षेत्रों को चिन्हित कर अवैध मादक पदार्थो के कारोबारियों के खिलाफ निरंतर सख्त कार्रवाई की जा रही है। प्रदेश में मादक पदार्थों के उत्पादन और वितरण में शामिल आपराधिक तत्वों के खिलाफ कठोर कानूनी कदम उठाए जा रहे हैं।

युवा उत्सव : संत कॉलेज की छात्राओं ने बाजी मारी

भोपाल (हिनप्र)। संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज की छात्राओं ने अंतर विद्यालयीन युवा उत्सव 2024 में वाद विवाद, स्किट एवं वन एक्ट प्ले प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान हासिल किया। छात्राओं ने जहां वाद-विवाद प्रतियोगिता में विषय सामग्री, तर्क तथा प्रस्तुतीकरण प्रभावशाली रहा। वहीं दूसरी ओर स्किट एवं वन एक्ट प्रतियोगिताओं में बेहतर अभिनय कौशल का प्रदर्शन किया। कॉलेज की प्राचार्या डॉ. डालिमा पारवानी ने सफलता पर छात्राओं को बधाई दी। विजयी प्रतिभागी आगे जिला स्तकरीय युवा उत्सपव में सहभागिता करेंगे।

दुनिया में शांति की पहल कर रहा हिन्दुस्तान

भोपाल (हिनप्र)।

अंतरराष्ट्रीय सहिष्णुता दिवस पर साधु वासवानी महाविद्यालय में व्याख्यान का आयोजन किया गया।

भारतीय ज्ञान प्रकोष्ठ ने सहिष्णुता विषय पर आयोजित व्याख्यान में ब्रह्मा कुमारी आश्रम की सरस्वती देवी व समाजसेवी कमल प्रेमचंदानी ने अपनी बात रखी । व्याख्यान की शुरूआत महाविद्यालय के प्राचार्य एके सिंह के स्वागत वक्तव्य के साथ हुई। सरस्वती देवी ने कहा कि भारत हमेशा से ही शांतिप्रिय देश रहा है। पूरी दुनिया में आज भी शांति की बात अगर कोई कर रहा है तो वह हिन्दुस्तान है, क्योंकि भारत की संस्कृति सहिष्णुता की संस्कृति रही है। भारत में जो भी महापुरुष हुए हैं सभी ने इसे सहिष्णु देश बनाने में योगदान दिया है। युद्ध में उलझी दुनिया में भारत शांति स्थापित करने के लिए पहल कर रहा है। उन्होंने कहा कि हमारे धर्म ग्रंथ या त पुराण इस बात के प्रमाण है कि हमारा देश एक सहिष्णु देश रहा है। प्रेमचंदानी ने कहा कि सहिष्णुता भारत की वायु में बहता है। सभी धर्मों विचारधाराओं का समान सम्मान, अपने तरीके से जीवन जीने की आजादी है। शांति हमारी सोच और विचारों में प्रवाहित है। महाविद्यालय के अकादमिक डायरेक्टर डी के दुबे ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन डॉ बीके पांडे विभागाध्यक्ष डिपार्मेंट ऑफ कामर्स ने किया।

दाऊदी बोहरा धर्मगुरु सैयदना मुफद्दल सैफुद्दीन का भोपाल आगमन पर ज़ोरदार स्वागत

भोपाल(काप्र)। विश्वव्यापी दाऊदी बोहरा समुदाय के 53वें धर्मगुरु परमपावन सैयदना मुफद्दल सैफुद्दीन 16 नवंबर को मुंबई से भोपाल के राजा भोज हवाईअड्डे पर पहुंचे। उनके आगमन पर मुबारकपुर क्षेत्र में एम.एस.बी एजुकेशनल इंस्टीट्यूट में आयोजित एक कार्यक्रम में पहुंचें समुदाय के हजारों लोगो ने उनका गर्मजोशी से इस्तकबाल किया। मीडिया प्रभारी इब्राहिम अली दाऊदी ने इस सबंध में जानकारी देते हुए बताया की कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सैयदना साहब ने भोपाल के लोगों की शांति, समृद्धि और खुशहाली के लिए प्रार्थना करते हुए समुदाय के सभी लोगो को नेक रास्ते पर चलने की नसीहत करते हुए उनका मार्गदर्शन भी किया। इसके बाद सैयदना भोपाल के आस-पास स्थित आष्टा, सीहोर, इछावर, हरदा, इटारसी और नरमदापुरम (होशंगबाद) जैसै कस्बों और शहरों के सफर के लिए रवाना हो गए।

पेज एक से जारी खबरों के शेष...

गरीब, मध्यम वर्ग...

जुड़ता था। उस समय के लोगों ने जोखिम लिया और इसलिए भारत के उत्पाद एवं सेवाएं सागर के दूसरे छोर तक पहुंच पाए। आजादी के बाद हमें जोखिम लेने की इस संस्कृति को और आगे बढ़ाना था। लेकिन आजादी के बाद की सरकारों ने तब के नागरिकों को वो हौसला ही नहीं दिया, इसका परिणाम ये हुआ कि कई पीढ़ियां एक कदम आगे बढ़ाने और दो कदम पीछे खींचने में ही गुजर गई। अब बीते 10 सालों में देश में जो परिवर्तन आए हैं उन्होंने भारत के नागरिकों में जोखिम उठाने की संस्कृति को फिर से नई ऊर्जा दी है। उन्होंने कहा कि आज हमारा युवा हर क्षेत्र में जोखिम उठाने लगा है। कभी एक कंपनी शुरू करना जोखिम माना जाता था, 10 साल पहले तक मुश्किल से किसी स्टार्टअप का नाम सुनते थे...आज देश में रजिस्टर्ड स्टार्टअप्स की संख्या सवा लाख से ज्यादा हो गई है। एक जमाना था कि खेलों में और खेलों को पेशे के रूप में अपनाने में भी जोखिम था, लेकिन आज हमारे छोटे शहरों के नौजवान भी ये जोखिम उठाकर दुनिया में देश का नाम रोशन कर रहे हैं। स्वसहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं का भी उदाहरण है। आज देश में करीब एक करोड़ लखपति दीदी बनी हैं। ये गांव-गांव में उद्यमी बनकर अपना कुछ बिजनेस चला रही हैं। मुझे कुछ समय पहले एक ग्रामीण महिला से संवाद करने का अवसर आया, उस महिला ने मुझे बताया था कि कैसे उसने एक ट्रैक्टर खरीदा और अपनी कमाई से पूरे परिवार की आय बढ़ा दी। एक महिला ने एक जोखिम लिया और अपने पूरे परिवार का जीवन बदल डाला। जब देश के गरीब और मध्य वर्ग के लोग जोखिम लेना शुरू कर दें तब बदलाव सही मायने में दिखने लगता है। यही हम भारत में आज होते देख रहे हैं।

मोदी तीन देशों की...

लूंगा। पिछले साल, भारत की सफल अध्यक्षता ने जी-20 को लोगों के जी-20 के रूप में ऊपर उठाया और ग्लोबल साउथ की प्राथमिकताओं को अपने एजेंडे में मुख्यधारा में शामिल किया। इस वर्ष, ब्राज़ील ने भारत की विरासत को आगे बढ़ाया है। मैं 'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' के हमारे दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए सार्थक चर्चा की आशा करता हूँ। मैं इस अवसर का उपयोग कई अन्य नेताओं के साथ द्विपक्षीय सहयोग को आगे बढ़ाने पर विचारों का आदान-प्रदान करने के लिए भी करूंगा। श्री मोदी ने कहा कि राष्ट्रपति मोहम्मद इरफ़ान अली के निमंत्रण पर मेरी गुयाना यात्रा 50 से अधिक वर्षों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली यात्रा होगी। हम अपने अनूठे रिश्ते को रणनीतिक दिशा देने पर विचारों का आदान-प्रदान करेंगे, जो साझा विरासत, संस्कृति और मूल्यों पर आधारित है। मैं सबसे पुराने भारतीय प्रवासियों में से एक के प्रति भी अपना सम्मान व्यक्त करूंगा, जो 185 साल से भी अधिक समय पहले प्रवासित हुए थे, और उनकी संसद को संबोधित करते हुए एक साथी लोकतंत्र को शामिल करूंगा। उन्होंने कहा कि इस यात्रा के दौरान, मैं दूसरे भारत-कैरिकॉम शिखर सम्मेलन के लिए कैरेबियाई भागीदार देशों के नेताओं के साथ भी शामिल होऊंगा। हम हर सुख-दुख में एक साथ खड़े रहे हैं। शिखर सम्मेलन हमें ऐतिहासिक संबंधों को नवीनीकृत करने और नए क्षेत्रों में हमारे सहयोग का विस्तार करने में सक्षम बनाएगा।

वह बांग्लादेशी घुसपैठियों...

आरोप लगाया। झारखंड के युवाओं, दलितों, पिछड़ों के लिए भेजा गया पैसा लूटने वाले समझते हैं कि उन्हें कुछ नहीं होगा। ऐसे लोग 23 नवंबर तक खैर मना लें। झारखंड में भाजपा की सरकार बनते ही एक-एक पैसा वसूल कर झारखंड की तिजोरी में डाला जाएगा। लूटने वालों की जगह इसके बाद जेल में होगी। उन्होंने कहा कि झारखंड में झारखंड के कांग्रेस सांसद के घर से 350 करोड़ रुपये मिले। रुपये गिनने के लिए लाई गईं 27 मशीनें थक गईं। आलमगीर आलम यहां की सरकार में मंत्री थे। उनके पीए के घर से 30 करोड़ रुपये पकड़े गए। हेमंत जी और कांग्रेस ने इस पर कुछ भी नहीं कहा। गृह मंत्री ने पूछा कि यह किसका पैसा था? फिर उन्होंने कहा कि यह झारखंड के युवाओं का पैसा था, जो कांग्रेसी और उनके साथी खा गए। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि हेमंत सोरेन हमसे हिसाब मांगते हैं कि हमने झारखंड के लिए क्या किया? हम उनसे पूछते हैं कि केंद्र में 2004 से 2014 तक दस साल यूपीए की सरकार रही।

भारत ने वो काम ...

हैं। वो कहते हैं कि जातिगत जनगणना कराकर रहूंगा। जातिगत जनगणना कराकर करोगे क्या? देश की जनता को गुमराह करके राजनीति नहीं की जानी चाहिए। इससे पहले राजनाथ सिंह ने कहा था कि विश्वसनीयता किसी भी राजनीतिक संगठन की सबसे बड़ी संपत्ति है और दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी ने कभी भी इसके साथ समझौता नहीं किया, जबकि अन्य पार्टियां राजनीतिक लाभ के लिए मतदाताओं को लुभाने के लिए झूठे वादे करती हैं। उन्होंने लोगों से भाजपा को वोट देने और अगले दो कार्यकाल के लिए राजग सरकार बनाने में भाजपा की मदद करने का आग्रह किया ताकि झारखंड को विकसित राज्यों की श्रेणी में लाया जा सके। रक्षा मंत्री ने रांची के खिजरी में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा, विश्वसनीयता किसी भी राजनीतिक दल की सबसे बड़ी पूंजी होती है और भाजपा इससे कभी समझौता नहीं करती। इसने जनसंघ के समय से किए गए सभी वादों को पूरा किया है, जबकि अन्य राजनीतिक दल झूठे वादे करते हैं और सत्ता में बने रहने के लिए जनता को धोखा देते हैं।

अय्यप्पा मंदिर बेल बरखेड़ा में मकरविलक्कु पर्व शुरू

भोपाल। मकरविलक्कु पर्व का शनिवार से शुभारंभ हुआ। सुबह 8:30 बजे अष्ट अभिषेक किया गया जिसमें अय्यप्पा भगवान को शहद, नारियल पानी, गुलाब जल, दूध ,भस्म आदि से अभिषेक किया गया। पर्व को लेकर लेकर मंदिर में विशेष तैयारी जोरों पर है। मंदिर को रंगोली फूल माला से सजाया जा रहा है। 60 दिन के पर्व में मंदिर में लगे हर एक दीपक को जलाया जाएगा जिसे भक्तजन द्वारा बुक किया जाता है। दोपहर में अन्नधान का आयोजन भी हुआ जिसमें 200 से ज्यादा लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। दीप आराधना पश्चात प्रतिदिन भजन का आयोजन होगा। भजन भी विभिन्न भक्तजनों द्वारा बुकिंग की जाती है। अभी तक 850 से ज्यादा बुकिंग हो चुकी है।

सिंध विस्थापितों के नागरिकता के मसले विहिप ने बैठक ली

भोपाल (हिनप्र)। विश्व हिंदू परिषद के अंतरराष्ट्रीय महामंत्री बजरंग लाल बांगड़, क्षेत्रीय संगठन मंत्री जितेंद्र पवार एवं प्रांत संगठन मंत्री सुरेंद्र सिंह ने संतनगर के समाजसेवियों के बैठक की, जिसमें सिंध से आए विस्थापितों की नागरिकता के मसले पर चर्चा हुई। बैठक में बांगड़ ने कहा कि सिंध से आए जिन हिंदू विस्थापितों को नागरिकता अभी तक न मिलना हैरान और परेशान करने वाला है, जल्द ही उनको नागरिकता मिलनी चाहिए। इसके लिए हिंदू परिषद प्राथमिकता से इस कार्य को कर रही हैं। उन्होंने कहा कि आपके संपर्क में यदि इस प्रकार के लोग हों तो आप हमें उसकी जानकारी दें। उन्होंने बताया कि अयोध्या में विश्व हिंदू परिषद बहुत कम कीमत में बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए एक बड़ा परिसर बना रही है जिसका काम अंतिम चरणों में है। कोई भी संस्था अपने नाम से वहां पर एक कमरा बुक कर सकती हैं। बैठक में कमल प्रेमचंदानी, मोहन लालवानी, बसंत चेलानी, कन्हैया इसरानी, रमेश लेखवानी, मोहन मनवानी, गुलाब जेठानी, सोनू रायचंदानी, मनीष जैन, आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

गुरूनानक देवजी का प्रकोशोत्सव मना

भोपाल (हिनप्र)। सुख सागर उदासीन आश्रम में गुरु नानक देव जी का प्रकाशोत्सव मनाया गया, आश्रम में देर रात्रि तक सत्संग-कीर्तन हुआ। इसके बाद विद्युत चलित झूले द्वारा गुरुनानक देवजी का अवतरण हुआ। महंत बाबा रामदास उदासीनजी दिवस भी अनुयायियों ने मनाया। पूज्य सिंधी पंचायत, संतनगर, थोक वस्त्र व्यवसाय संघ के समस्त पदाधिकारियों, भाजपा व कांग्रेस के नेता और विशिष्ठजनों ने आश्रम पहुंचकर बाबा रामदासजी का आशीर्वाद लिया। बाबा रामदास ने समाज व देश की सेवा करें व गरीब व दीन:दुखियो की सेवा करें का आशीर्वाद दिया। बाबा जी का शाल व फूल मालाओ से स्वागत करने वालों में पूज्य सिंधी पंचायत अध्यक्ष माधू चांदवानी महासचिव नंद दादलानी, उपाध्यक्ष भरत आसवानी, जगदीश आसवानी, सहसचिव जेठानंद मंगतानी, कोषाध्यक्ष गुलाब जेठानी, शिक्षाविद विष्णु गेहाणी, पार्षद अशोक मारण, उप ब्लाक उपाध्यक्ष घनश्याम लालवानी, सुरेश चांदवानी सहित सैकडो उपस्थित थे।

शहिद भवन में भरतनाट्यम का कार्यक्रम आज

भोपाल। नृत्यांजलि भरतनाट्यम नृत्य अकादमी ने रविवार 17 नवंबर को शहीद भवन में पांच बजे से भरतनाट्यम नृत्य का कार्यक्रम रखा गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रवींद्रनाथ टैगोर यूनिवर्सिटी रायसेन की चांसलर के प्रोफेसर अदिति चतुर्वेदी रहेंगी। नृत्य का कार्यक्रम गुरु रुपल चौरे गीते ने रखा है।

आडवाणी को सिंधु रत्न, सिंधी वैवाहिक एप का शुभारंभ

भोपाल (हिनप्र)।

मध्य प्रदेश सिन्धु भवन ट्रस्ट ने दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक भगवान दास सबनानी, अध्यक्ष राजेश हिंगोरानी एमआईसी सदस्य, विशेष अतिथि योगेन्द्र चौहान पार्षद, दीदी मृदुला एवं ट्रस्ट के पदाधिकारीगण एवं ट्रस्टियों, समाजसेवियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की।

इस अवसर पर ट्रस्ट द्वारा निर्मित रूपचंद लालवानी की स्मृति में बने शेड की नवीन फाल्स सीलिंग, ट्रस्ट की वेबसाइट एवं दुनिया का प्रथम सिंधी वैवाहिक एप का शुभारंभ किया गया। ट्रस्ट के अध्यक्ष राजेन्द्र मनवानी ने ट्रस्ट के कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ट्रस्ट आज भारत रत्न प्राप्त श्री लालकृष्ण अडवानी सिन्धु रत्न से सम्मानित कर रहा है, जिसका गर्व है। इस अवसर पर सनातन सिंधी समाज की दुनिया की पहली वैवाहिक एप एवं वेबसाइट की जानकारी दी। सबनानी ने कहा कि सिन्धु भवन ट्रस्ट का प्रदेश में एक विशेष स्थान है लेकिन, अभी भी कुछ कमियां हैं उनको ठीक कर आदर्श स्थापित कर आगे बढ़ना है, जिससे बेस तैयार होगा।

इस अवसर पर अतिथियों ने ट्रस्ट के पूर्व अध्यक्ष जयपाल सचदेव एवं डॉ मालती भोजवानी को लाइफ टाइम एचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में समाज के उभरते कलाकारों ने गीत, संगीत की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन ट्रस्टी कविता इसरानी ने किया। ट्रस्ट उपाध्यक्ष मनोज गोलानी, महासचिव मोहन लालवानी, सचिव डीडी मेघानी, सह सचिव हरीश ज्ञानचंदानी, कोषाध्यक्ष श्याम चंदनानी व अन्य विशिष्ठजन मौजूद रहे।